




# 1st GRADE NEWSLETTER

## दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय अनूपशहर

( संबद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ )

NAAC Accredited Grade 'B' with CGPA 2.71

November 2021 to March 2022 Vol. 1 Issue 1




श्री जय प्रकाश गौड़ जी
संस्थापक जे पी ग्रुप
अध्यक्ष एंग्लो वैदिक एजुकेशनल एसोसिएशन



प्रोफेसर जी0के0 सिंह
प्राचार्य



डा0 तरुण श्रीवास्तव
सम्पादक

## हमारे मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत

प्रगति के पथ पर, शिक्षा ही वह माध्यम है जो हमारे देश को न केवल अपनी संस्कृति को संरक्षित करने की अनुमति दे सकती है बल्कि हमारे युवा देशवासियों के मस्तिष्क को भी प्रज्वलित कर सकती है और उन्हें अन्य विकसित देशों के नागरिकों के बराबर होने के लिए सशक्त बना सकती है। 21वीं सदी में विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रगति का एक पुनर्मूल्यांकन करेंगे जो आज हमारी कल्पना से परे है और जो पृथ्वी ग्रह की सीमाओं को पार कर जाएगा ताकि मनुष्य अनंत ब्रह्मांड के साथ अपना प्रयास शुरू कर सके।

हम अपने छात्रों को आधुनिक भारत के आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी नागरिकों के रूप में आकार देते हुए उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सबसे आधुनिक शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

ये संस्थान ज्ञान की गंभीर खोज के साथ अनुशासन और चरित्र निर्माण को विकसित करने का प्रयास करेंगे, सबसे उन्नत शिक्षण प्रथाओं और उच्च नैतिक मानकों का उपयोग करेंगे ताकि हमारे शिक्षक और छात्र आगे बढ़ सकें और अपने देश को अपने जीवनकाल में एक उन्नत राष्ट्र में बदल सकें। .

## प्राचार्य का संदेश

विद्यार्थी की क्षमताओं का मूल्यांकन कर, उनका अधिकतम उपयोग कर उसकी सृजनशीलता को विकसित करना इस कॉलेज की शिक्षा का उद्देश्य है। कॉलेज के मायने हैं प्रत्येक विद्यार्थी को ऐसा वातावरण प्रदान करना कि वह अपने में अंतर्निहित शक्ति को बाहर ला सके। हमारा विद्यार्थी सीखने की प्रक्रिया में ढलकर, अपनी बौद्धिक क्षमता के विकास को परवान चढ़ा सके।

कॉलेज में विद्यार्थी की विश्लेषणात्मक क्षमताओं, सर्जनात्मकताओं और आपसी व्यवहार के कौशलों को विकसित किया जाता है जो एक जिम्मेदार विश्व नागरिक के लिए जरूरी हैं। विद्यार्थी को विविध अभिरुचि क्लबों एवं विषय–परिषदों आदि की अनेक प्रकार की गतिविधियाँ निरंतर उपलब्ध करवाई जाती हैं जिनसे उसका सर्वांगीण विकास होता है। कॉलेज सत्र 2021-22 से विद्यर्थियों को एंड्राइड मोबाइल पर ऑनलाइन क्लासें भी उपलब्ध करवा रहा है तथा ऑफलाइन एवं ऑनलाइन की मिश्रित अधिगम प्रक्रिया (blended mode of learning) को विकसित कर रहा है।

महाविद्यालय उच्च शिक्षा में अनेक प्रकार के नवाचार कर रहा है। महाविद्यालय का कार्य है– विद्यार्थी–केंद्रित शिक्षण–प्रक्रिया, प्रतियोगी परीक्षाओं के विशेष पाठ्यक्रम, पढ़ाने के इंटेरेक्टिव तरीके, व्यक्तिगत विकास (Personality Development) की विभिन्न गतिविधियों आदि से विद्यार्थी को मुखर और बुलंद बनाना, विद्यार्थी के स्वाध्याय व स्वचिंतन को प्रोत्साहित करना। दरअसल विद्यार्थी की जिंदगी को मूल्यवान बनाना ही हमारा मकसद है। हम हमारे किशोरों–युवकों के इस दुर्लभ जीवन के सभी पक्षों को खिलने देना चाहते हैं। हम हमारे विद्यार्थियों की विचारशीलता बढ़ाते हैं, उनमें जीवन–यथार्थ को परखने, उसको विश्लेषित करने, बड़ा सोचने, उसके लिए कठोर मेहनत करने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुत करने का जज़्बा पैदा करते हैं। हमारे महाविद्यालय में अध्ययनरत प्रत्येक विद्यार्थी की उच्च शिक्षा की यात्रा उन्हें ऊँचे लक्ष्यों तक पहुँचाए, यही हमारी कामना है।

## सम्पादकीय

दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अनूपशहर के प्रथम न्यूज़ लेटर की शुरुआत करते हुए मैं अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। इस तरह के प्रकाशन न केवल एक शैक्षणिक संस्थान के इतिहास और लोकाचार को दर्शाते हैं, बल्कि महाविद्यालय की विभिन्न प्रतिभाओं, रुचियों और चिंताओं को भी प्रदर्शित करते हैं। मुझे विश्वास है कि न्यूज़ लेटर 2021 -22 का प्रकाशन देश भर में अपने छात्रों और उनकी गतिविधियों, उपलब्धियों और दृष्टिकोणों के साथ न्याय करेगा।

जब हम पर्वत को दूर से देखते हैं तो वह हमें बहुत ही खूबसूरत, चुनौती पूर्ण, विशाल और रहस्यमय दिखाई देता है। जब हम उसके नजदीक पहुँचते हैं तो उस पर चढ़ने के बहुत सारे रास्ते दिखाई देते हैं, ऐसे रास्ते जिसमें सुविधाएँ कम और मुश्किलें ज्यादा होती हैं। नक्शो में जो पहाड़ी स्पष्ट और आसान दिखती है वास्तविकता में उतनी ही कठिन और जटिल होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि हमारे उद्देश्य और प्रयास के बीच बहुत सारी बाधाएँ होती है। जैसे पर्वत पर चढ़ने के लिए हम पगडंडी ढूंढ़ते हैं और अथक प्रयास करते हैं वैसे ही अपने उद्देश्य की प्राप्ति हेतु अथक प्रयासों की आवश्यकता है जब तक कि हम अपनी मंजिल तक न पहुँच जाएँ। इस प्रयास में लोग क्या कहते हैं, उससे प्रभावित न हों क्योंकि यह केवल आप है जिसे यह चढ़ाई चढ़नी है, जिसे अपना उद्देश्य पाना है। इस रास्ते में अनेकों जोखिम होंगे, अनेक फिसलन भरी चट्टानें होंगी लेकिन यदि आप बुद्धि से काम लेंगे तो आने वाले खतरों का अन्दाजा लगा सकेंगे और आगे बढ़ सकेंगे।

अत्यंत शीघ्रता में न्यूज़ लेटर का यह प्रथम अंक प्रकाशित हो रहा है, इसीलिए कुछ त्रुटियों का रह जाना स्वाभाविक है। आशा है सुधि पाठक इस ओर ध्यान न देगें और त्रुटियों को क्षमा कर देंगे। इस प्रकाशन में मेरा उत्साह वर्धन करने वाले तथा मेरा हौसला बढ़ाने वाले महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जी0 के0 सिंह का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ जिनके सहयोग बिना यह महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न ही नहीं हो सकता था ।

आभार सहित

# DURGA PRASAD BALJEET SINGH PG COLLEGE

FACULTY OF COMMERCE & EDUCATION

FACULTY OF ART AND SCIENCE

FACULTY OF COMPUTER APPLICATION






## 1st GRADE NEWSLETTER

November 2021 to March 2022 Vol. 1 Issue 1


नवम्बर माह में उच्चतर शिक्षा सेवा चयन बोर्ड उत्तर प्रदेश द्वारा प्रो. गिरीश कुमार सिंह ने महाविद्यालय के प्राचार्य पद का कार्यभार ग्रहण किया। पर्यावरण व अनुशासन प्रिय और सकारात्मक दृष्टिकोण से ओतप्रोत प्राचार्य महाविद्यालय के शैक्षिक और तकनीकी विकास के लिये निरन्तर कटिबद्ध हैं, महाविद्यालय परिवार की ओर से 63 पौधों युक्त नवीन वाटिका, रिकॉर्डिंग कक्ष, सांख्यिकी और गणित विभाग में कंप्यूटर लैब की स्थापना,ऑनलाइन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बेबीनार का आयोजन आदि के साथ महाविद्यालय निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।



उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा विषय पर प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी विषय पर जनपद स्तर पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में महाविद्यालय की बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा आरती वर्मा ने बुलंदशहर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महाविद्यालय के बी.कॉम.प्रथम वर्ष के छात्र चेतन गुप्ता ने बुलंदशहर जनपद में तृतीय स्थान प्राप्त किया।



आज़ादी के अमृत मोहत्सव के तत्वाधान में डीएवीकॉलेज बुलंदशहर में डॉ महेश चंद गुप्त अंतर महाविद्यालय वाद विवाद प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा नीशू राघव बी एस सी फाइनल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया| मेरठ में आज़ादी के अमृत महोत्सव एवं मेरठ की क्रांति पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित मण्डल स्तरीय प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में महाविद्यालय के बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र चेतन गुप्ता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया |

महाविद्यालय की प्रबंध समिति के सम्पन्न हुए चुनाव में सर्वसम्मति से अजय गर्ग अध्यक्ष, डॉ. सुधीर अग्रवाल उपाध्यक्ष, सत्यपालसिंह तोमर सचिव, सुनील गुप्ता संयुक्त सचिव, केपी सिंह कोषाध्यक्ष, राजीव अग्रवाल आंतरिक लेखा परीक्षक, मणिका गौड़, कमांडर एसजे सिंह और डॉ. केपी सिंह सदस्य निर्वाचित किए गए। चुनाव अधिकारी संदीप शर्मा रहे। राष्ट्रपति पदक सम्मानित सत्यपालसिंह तोमर डीपीबीएस महाविद्यालय के सचिव के साथ साथ जेपी विद्या मंदिर मुख्य व विवि परिसर तथा एलडीएवी इंटर कालेज अनूपशहर के प्रबंधक भी हैं।



भारतीय वन्य जीव संस्थान, देहरादून के तत्वावधान में भारत सरकार द्वारा प्रायोजित नदी उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय वन्यजीव संस्थान के सामुदायिक अधिकारी श्री राहिल खान द्वारा नदी संरक्षण विषय पर एक व्याख्यान दिया गया तथा छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर एक जन जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही छात्र- छात्राओं तथा एनसीसी के कैडेट्स द्वारा गंगा के तटों की सफाई भी की गई |

साईबर जागरूकता दिवस के अंतर्गत महाविद्यालय में एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर छात्र छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया। जिसमे छात्रों ने पोस्टर और बैनर बना कर लोगों को जाग्रत किया और साइबर क्राइम के प्रति लोगों को आगाह किया किसी को भी अपना ओ टीपी/ सीवीवी / पिन नम्बर न दे जिससे आर्थिक नुकसान से बचा जा सकें |



महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम के जन्म जयंती पर एक संगोष्ठी का आयोजन कर गणित दिवस मनाया गया। गरीबी और सीमित संसाधनोंऔर लाल फीता शाही के वाबजूद रामानुजम ने अपनी विलक्षण प्रतिभा से दुनिया को चमत्कृत कियाऔर 32 वर्ष की आयु में विश्व में देश का नाम रोशन किया

उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टेबलेट /स्मार्टफोन वितरण योजना के अंतर्गत भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी, इकाना क्रिकेट स्टेडियम लखनऊ में आयोजित टेबलेट/स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण छात्र-छात्राओं को दिखाया गया।



कोविड-19 की महामारी के दृष्टिगत ऑनलाइन कक्षाएं चलाने एवं ई-कंटेंट तैयार करने हेतु महाविद्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त शिक्षकों ने प्रतिभाग कर ऑनलाइन कक्षाओं को पढ़ाने हेतु विभिन्न एप का उपयोग करना सीखा। इसके साथ ही महाविद्यालय में एक रिकॉर्डिंग रुम की भी स्थापना की गई है, इसमें शिक्षक अपने उच्च गुणवत्ता युक्त वीडियो व्याख्यान रिकॉर्ड कर सकते हैं।

युवा दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय में रंगोली सजाई गई एवं एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने युवा दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 12 जनवरी को हर साल राष्ट्रीय युवादिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय युवा दिवस भारत के उन युवाओं व नौजवानों को समर्पित एक खास दिन है, जो देश के भविष्य को बेहतर और स्वस्थ बनाने की क्षमता रखते हैं। इस दिन स्वामी विवेकानंद का जन्म हुआ था। स्वामी विवेकानंद की जयंती को देश के युवाओं के नाम पर समर्पित करते हुए हर साल राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाने लगा ।



महाविद्यालय में छात्र कल्याण परिषद् द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे महाविद्यालय के सभी छात्र एवं छात्राओ ने भाग लिया इस प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान व् समसामायिक मुद्दों पर आधारित 50 प्रश्न पूछे गये| राहुल कुमार और दुष्यंत कुमार प्रथम स्थान, साक्षी, हिमांशु, कृतिका ने दूसरा स्थान तथा मनू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया |

प्राचार्य जी के निर्देशन में महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों ने 63 फलदार व् छायादार वृक्ष जिनमे आम, अमरुद, केला, लीची, आड़ू, आदि के वृक्ष लगाये गये जिसके पोषण की जिम्मेदारी स्वयं महाविद्यालय के शिक्षको और कर्मचारियों ने ली है |





मानव सेवा व् मानव संवेदनाओं की समझ विकसित करने के साथ साथ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को ठण्ड से राहत देने ने के लिए महाविद्यालय में प्रबंध समिति के अध्यक्ष अजय गर्ग व् प्राचार्य प्रोफेसर गिरीश कुमार सिंह ने 35 विद्यार्थिंयों को गर्म वस्त्रो का वितरण किया गया|









DURGA PRASAD BALJEET SINGH PG COLLEGE

FACULTY OF COMMERCE & EDUCATION

FACULTY OF ART AND SCIENCE

FACULTY OF COMPUTER APPLICATION

MALVIYA BHAWAN

1st GRADE NEWSLETTER

November 2021 to March 2022 Vol. 1 Issue 1

# राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार, सेमिनार और व्याख्यान

वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित फोरम ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट स्टडीज इंडिया और दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में इन्नोवेटिव ए प्रोसेस इन एस.टी.ई.एम एजूकेशन इन फिफ्थ इंडस्ट्रियल इवोल्यूशन विषय पर अंतरराष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। जिसमे वक्ता प्रोफ़ेसर रनिया लम्फू, ग्रीक अम्बेसडर शिक्षा , ग्रीस ने साइंस, टेक्नोलॉजी , इंजीनियरिंग, मैथमेटिक्स (STEM)विषय पर अपने विचार रखे, वेबिनार के अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जी के सिंह तथा संयोजक सचिव् डॉ तरुण श्रीवास्तव रहे | इस अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार में देश विदेश के हजारो की संख्या में प्रोफेसर, शोधार्थी तथा छात्र शामिल हुए |

संस्कृत विभाग एवं रसायन विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संस्कृत में ज्ञान विज्ञान विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य वक्ता कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, अमेरिका के शोध छात्र विवेक कौशिक रहे।वेबिनार के अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जी के सिंह तथा संयोजक सचिव् लक्ष्मण सिंह रहे | इस अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार में देश विदेश के हजारो की संख्या में प्रोफेसर, शोधार्थी तथा छात्र शामिल हुए |

उत्तरप्रदेश संस्कृत संस्थान और डीपीबीएस महाविद्यालय अनूपशहर के संयुक्त तत्वाधान में संस्कृत साहित्य में लोककल्याण व विश्वबंधुत्व की भावना विषय पर एक राष्ट्रीय वेबिनार का ऑनलाइन आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जीके सिंह ने की तथा संचालन लक्ष्मण सिंह ने किया। उत्तरप्रदेश संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष डॉ. वाचस्पति मिश्र ने कहा कि संस्कृत भाषा में सर्वत्र लोक कल्याण व विश्वबंधुत्व की भावना है। संस्कृत ही इस कोरोना महामारी के दौर में पूरे विश्व को आगे बढ़ाने के लिये आत्मविश्वास पैदा कर सकती है। कुरुक्षेत्र विवि के डॉ. ललित गौड़ ने कहा कि संस्कृत चार पुरुषार्थों व आश्रमों व गुरुकुल शिक्षा पद्धति के माध्यम से मानव के लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है। पतंजलि विवि के प्रति कुलपति डॉ. महावीर अग्रवाल ने गंगातट पर बसी अनूपशहर नगरी में संस्कृत की ज्ञान गंगा बहाने का आह्वान किया। सीसीएस विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. ओमपाल शास्त्री द्वारा शांतिपाठ से वेबिनार का समापन किया गया। करीब पांच सौ प्रतिभागी शामिल हुए।

वाणिज्य विभाग द्वारा फोरम ऑफ़ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट स्टडीज इंडिया और दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में फाइनेंशियल इंजीनियरिंग एंड इन्वेस्टर्सः अंडरस्टैंडिंग रिस्क-रिटर्न एंड क्राइसिस विषय पर अंतरराष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। जिसमे डबरे टावर यूनिवर्सिटी , इथोपिया के प्रोफेसर भूपेंद्र कुमार, खब्रीदहबर यूनिवर्सिटी , इथिओपिया से प्रोफ़ेसर उमा तथा डा कृष्णा ने शेयर बाज़ार, बिज़नेस में होने वाले उतार- चढ़ाव के बारे में बताया उन्होंने कहा कि बिज़नेस में रिस्क न लेना भी एक प्रकार का रिस्क ही है| शेयर बाक्स बाज़ार में पैसा लगाने से पहले एक्सपर्ट की राय अवश्य लेनी चाहिए| इस अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार में देश विदेश के 400 से ज्यादा प्रोफेसर तथा शोधार्थियों ने भाग लिया | कार्यक्रम में अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जी के सिंह ने की तथा सञ्चालन डॉ तरुण श्रीवास्तव ने किया |


दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह पी जी महाविद्यालय अनूपशहर तथा फोरम ऑफ़ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट स्टडीज इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में आज़ादी के 75 वे अमृत महोत्सव के अवसर पर शिक्षा विभाग तथा वाणिज्य विभाग के संयुक्त प्रयास से " मूल्य शिक्षा तथा पर्यटन प्रबंधन विषय पर ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसके आयोजन सचिव डॉ तरुण श्रीवास्तव तथा संयोजक डॉ के सी गौड़ रहे। वेबिनार में श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ आर पी पाठक ने भारत की गौरव गरिमा को वापस लाने की जरूरत पर बल दिया और कहा कि नैतिकता का सम्बंध मानव जीवन की अभिव्यक्ति से है। मानव जीवन में नैतिक मूल्यों की आवश्यकता, महत्त्व अनिवार्यता व अपरिहार्यता जरूरी है, ताकि वह अपने परिवार के साथ -साथ सामाजिक दायित्व को निभा सके। महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, लखनऊ के कुलपति प्रोफेसर डॉ एच के सिंह ने देश की आर्थिक नीतियों को मजबूत बनाने तथा अपनी कमजोरियों को अवसर में बदलने के उपाय बताए। जे पी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजीव सक्सेना ने देश के विकास को गाँवो से जोड़ते हुए कहा कि देश मे प्रगति तभी सम्भव है जबकि छोटे कस्बों में शिक्षा का प्रसार हो, विश्वविद्यालय स्थापित हो तथा अनुसंधान हो तथा प्रत्येक व्यक्ति तक तकनीक पहुँचे। इतिहासकार तथा विभिन्न देशों की यात्रा कर चुके प्रोफेसर लारी आज़ाद ने कहा कि भारत मे ही पर्यटन प्रबन्धन के बहुत सारे अवसर मौजूद है। भारत के विभिन्न संतों तथा विद्वानों ने भारत दर्शन के लिए हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक मठो मंदिरो की स्थापना की है। डॉ भीमराव अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय इंदौर के प्रोफेसर एस के पाठक ने कहा कि मूल्य शिक्षा वह शिक्षा है जो व्यक्ति को मूल्यों के प्रति प्रशिक्षित करती है। अत: इसके लिए आवश्यक है कि ऐसे वातावरण का निर्माण किया जाये जो व्यक्ति में स्वतः ही मूल्यों का परिचय देकर उसे प्रेरित करे साथ ही पढ़ाये जाने वाले विषय की ओर ध्यान आकृष्ट कर उन्हें विकसित करे क्योंकि इनके द्वारा ही उचित विकास हो सकता है। त्रिभुवन विश्वविद्यालय नेपाल की प्रोफेसर बंदना जैन ने पर्यटन में विभिन्न अवसरों को विस्तार से बताया। डॉ मनीष अग्रवाल (यू.के) ने सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी। वेबिनार के समापन पर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर जी के सिंह तथा फोरम ऑफ़ कॉमर्स के चैयरमेन प्रोफेसर शेखर शर्मा ने सभी आमन्त्रित अतिथियों तथा प्रतिभागियों का धन्यवाद किया |

दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह पी जी कॉलेज और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के भौतिकी विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मेरठ द्वारा बुनियादी और व्यवहारिक विज्ञान में हाल के रुझान ( रीसेंट ट्रेंड्स इन बेसिक एंड अप्लाइड साइंस ) विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भी डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 संजीव वार्ष्णेय ने सभी छात्रों को शोध के विभिन्न आयामों से परिचय कराते हुए शोध क्षेत्र में नैतिकता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो0 वीरपाल सिंह ने बताया कि शोध मानव की जन्मजात प्रवृत्ति है। मनुष्य जन्म से मृत्यु तक अनुसंधानरत रहता है। डा0 हिमांशु ओझा ने कहा कि छात्रों को ज्ञान के विभिन्न एक क्षेत्रों से एक क्षेत्र का चुनाव करके उस क्षेत्र में विशेष प्रयत्न करना चाहिए। इस अवसर पर डा0 मनमोहन सिंह व डा0 उपदेश वर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर गिरीश कुमार सिंह ने की तथा कार्यक्रम संयोजक डा0 यजुवेंद्र कुमार ने सेमिनार को सफल बनाने व आयोजन में सहयोग करने वाले सभी विद्वानों एवं छात्र छात्राओं का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।




Keep in Touch with us at any of the Following:
















DURGA PRASAD BALJEET SINGH PG COLLEGE

FACULTY OF COMMERCE & EDUCATION

FACULTY OF ART AND SCIENCE

FACULTY OF COMPUTER APPLICATION




**1st GRADE NEWSLETTER**

November 2021 to March 2022 Vol. 1 Issue 1

# शैक्षिक नवाचार प्रचार प्रसार और उपलब्धियां

राष्ट्रीय कैडेट कोर और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र-छात्राओं ने उत्तर प्रदेश सरकार के आह्वान पर नगर पालिका, अनूपशहर द्वारा आयोजित "मजबूत लोकतंत्र स्वच्छ मतदान" विषय पर आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सहभाग किया गया। इसके साथ ही महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन कर गंगा स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसका शुभारंभ प्राचार्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि रैली नगर के प्रमुख मार्गों से निकलकर गंगा तट पहुंची।

भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून के तत्वाधान में भारत सरकार द्वारा प्रायोजित नदी उत्सव कार्यक्रम में छात्रों को विभिन्न जानकारियां दी गईं। प्रथम सत्र में कॉलेज के छात्रों व एनसीसी कैडट्स को कार्यशाला में सह व्याख्यान के माध्यम से जागरूक किया गया। द्वितीय सत्र में नेहरू गंज एवं बवस्टर गंज चौराहा से गंगा तट तक जागरूकता रैली निकाली गई।

चौधरी चरण सिंह विश्विद्यालय, मेरठ के अंतर महाविद्यालय नेट बॉल ट्रायल का आयोजन महाविद्यालय के मैदान में हुआ , जिसमे विभिन्न जनपदों से संस्थानों ने प्रतिभाग किया | प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्रोफ़ेसर जी के सिंह व् अंतर्राष्ट्रीय नेट बॉल खिलाडी खुशबिंदर सरना ने फीता काट कर किया| ट्रायल में राजकीय महाविद्यालय, जहांगीराबाद और देवनागरी पीजी कॉलेज, गुलावठी, की ओर से पर्यवेक्षक और चयनकर्ता के रूप में डा विवेकानंद और डॉ अवधेश कुमार सिंह उपस्थित रहे, ट्रायल में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ,एम् एम् एच कॉलेज गाजियाबाद,एल आर कॉलेज साहिबाबाद,जनहित इंस्टिट्यूट ऑफ़ एजुकेशन गाजियाबाद,नोएडा कॉलेज ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन गाजियाबाद,डीपीबीएस कॉलेज अनूपशहर ने प्रतिभाग किया |

नई शिक्षा नीति 2020 में वोकेशनल पाठ्यक्रम तहत अमहेया टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड नोएडा से कंप्यूटर कोर्स , सेवा भारती अनूपशहर से फैशन डिज़ाइन, अमेरिकन इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंग्लिश से इंग्लिश लैंग्वेज का और योग संस्थान, पुरकाजी मुजफ्फरनगर से योग और साधना के आपसी सहमति पत्र {MoU} हस्ताक्षरित किये गये|

23 मार्च को आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वाधान में शहीद दिवस का आयोजन किया गया कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ तरुण श्रीवास्तव ने कहा कि भगत सिंह ने 23 साल की युवा उम्र में ही मां भारती की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी, उनके इस जज्बे को देखकर देश के युवाओ भी देश की आजादी के लिए लड़ने की प्रेरणा मिली। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जी के सिंह ने कहा कि शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की शहादत एक ऐसी व्यवस्था के सपने के लिए थी जो बटवारे पर नही बराबरी पर आधारित हो जिसमें देश के सभी नागरिको के अधिकारों को तरजीह मिले व सभी मिलजुल कर देश के भविष्य का निर्माण करें, देश की आज़ादी में शहीदों के योगदान को भुलाया नही जा सकता है। डॉ सुनीता गौड़ व डॉ वीरेंद्र सिंह ने कहा कि शहीदो ने कम उम्र में ऐसे इतिहास को बनाया है कि आने वाली पीढ़ियां उन्हें अपना आदर्श मानकर खुद को गौरवान्वित महसूस करेंगी |

बी एड विभाग में 6 दिवसीय स्काउट एवं गाइड कैंप का आयोजन किया गया जिसमे जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) ओ पी हंस व पवन राठी ने प्रथम सत्र में ध्वज शिष्टाचार का विस्तृत ज्ञान दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 गिरीश कुमार सिंह ने जन जागरूकता रैली का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में प्रशिक्षुओं ने बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ, कन्या भ्रूण हत्या दहेज समस्या, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण शीर्षक पर जागरूकता हेतु अनेक नारे लगाए गए तथा गंगा घाटों की सफाई कर मां गंगा को अविरल एवं स्वच्छ बनाने का आह्वान किया। द्वितीय सत्र में तम्बू निर्माण करना फूड प्लाजा आदि का प्रशिक्षण दिया गया।

महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव हुआ। इस दौरान विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में राहुल व दुष्यंत प्रथम, हिमांशु, साक्षी व कृतिका द्वितीय और मनु छोकर तृतीय रहे। प्रश्नोत्तरी में चेतन गुप्ता महाविद्यालय में प्रथम व मंडल में द्वितीय रहे। प्रेरणा व रेखा द्वितीय और आरती, फिजा, पुष्पा व सुनिधि तृतीय रहीं। भाषण प्रतियोगिता में मोनिका सिंह प्रथम, निशु राघव द्वितीय व अनिल कुमार तृतीय रहे।वार्षिकोत्सव में प्रतिभाशाली छात्र- छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। प्रथम वर्ष कक्षाओं में बीसीए में नमन बंसल प्रथम, शिवांश द्वितीय व प्रेरणा पांडे तृतीय, एमए संस्कृत में नेहा खान प्रथम, पुष्पेंद्र द्वितीय व नरेंद्र तृतीय रहे। एमएससी रसायन में मानसी गर्ग प्रथम, साक्षी वाष्णेय द्वितीय रहे। एमएससी भौतिक में निकिता शर्मा प्रथम, उज्जवल सिंह द्वितीय व यशस्वी शर्मा तृतीय रहे। द्वितीय वर्ष की कक्षाओं में बीए में अंजली प्रथम, शालू द्वितीय व तान्या सैफी तृतीय रहीं। बीएससी में राशि प्रथम, शाल्वी द्वितीय व कार्तिक वाष्णेय तृतीय रहे। बीसीए में विकास प्रथम, आस्था द्वितीय व निशांत गुप्ता तृतीय रहे। बीएड में अनामिका सिंह प्रथम व नेहा द्वितीय रहे। बीकाम में कल्पना प्रथम, सुरभि मीणा द्वितीय व सृष्टि शर्मा तृतीय रहीं। तृतीय वर्ष की कक्षाओं में अनुराधा प्रथम, अन्या द्वितीय व लवी तृतीय रहे। बीएससी में नरेशचंद प्रथम, अर्पिका द्वितीय व निशी तृतीय रहे। बीकाम में तहरीम प्रथम, मानवी द्वितीय व कृष्णकुमार तृतीय रहे। बीसीए में आंचल प्रथम, दीक्षा वाष्णेय द्वितीय व आयुषी गौड़ तृतीय रहे। समारोह में मुख्य अतिथि रहे पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बजरंग बली ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। जेपी विवि के कुलपति प्रो. राजीव सक्सेना और महाविद्यालय संस्थापक सदस्य सेवकचंद गुप्ता ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।





















प्रकाशित द्वारा- दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर कॉलेज, अनूपशहर (बुलंदशहर।)
आप कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट http://www.dpbspgcollege.in/ से समाचार पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।
किसी भी सुझाव के लिए आप हमें dpbspgcollege65@gmail.com पर मेल करें